दिनांकः 10.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनावी रण के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों ने प्रचार और जनसम्पर्क में झोंकी ताकत–जनसभाओं का दौर जारी।
- चेटीचंड का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है–ईद का त्यौहार कल।
- प्रदेश में कई जगहों पर बदला मौसम का मिज़ाज–अगले चार–पांच दिनों तक विभिन्न स्थानों पर आंधी और बारिश की संभावना।
- आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच जयपुर में होगा मुकाबला।

....................

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार तेज़ हो गया है। चुनावी रण के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों ने प्रचार और जनसम्पर्क में ताकत झोंक दी है। प्रदेश में स्टार प्रचारकों के दौरे और जनसभाएं लगातार जारी हैं।

....................

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल करौली–धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा का कार्यक्रम है। श्री मोदी 12 अप्रैल को बाड़मेर लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री का दौसा में रोड़ शो का भी कार्यक्रम है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल अनूपगढ़ और फलौदी में जनसभा को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि पहले चरण में प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

....................

प्रत्येक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुंचाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आज से सतरंगी सप्ताह की शुरूआत हो रही है। निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित होने वाले सप्ताह के दौरान रोजाना अलग–अलग रंगों, विभिन्न थीमों और स्लोगन के अनुसार मतदाता जागरुकता गतिविधियों का आयोजन होगा। आज पहले दिन **हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे** स्लोगन के साथ बैंगनी रंग की थीम पर विभिन्न आयोजन होंगे। हनुमानगढ़ में जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसके लिए साप्ताहिक कैलेंडर जारी किया। बीकानेर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के पहले दिन आज जूनागढ़ के सामने लोकनृत्यों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया जाएगा।

....................

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–**एनटीए** ने स्पष्ट किया है कि आम चुनाव के मद्देनजर उंगली पर स्याही के निशान वाले विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश से रोका नहीं जाएगा। एजेंसी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर इस बारे में चल रहा संदेश पूरी तरह से निराधार है। एनटीए की ओर से ऐसा कोई दिशा–निर्देश जारी नहीं किया गया है। एजेंसी ने छात्रों से कहा है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

....................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये नागौर से हमारे श्रोता का संदेश –

....................

...................

चेटीचंड का पर्व आज श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। भगवान झूलेलाल की जयंती चेटीचंड के रूप में मनायी जाती है। सिंधी पंचायत समितियों की ओर से संकीर्तन और प्रभात फेरी के आयोजन हो रहे हैं। हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर और बूंदी सहित अन्य स्थानों पर झूलेलाल मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है और विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हो रहे हैं। इस अवसर पर जयपुर में भी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि झूलेलाल मंदिर में फूल बंगला झांकी सजायी गयी और महाआरती की गयी।

...................

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। हनुमानगढ़ के पल्लू कस्बे में मां ब्रह्माणी मेले का कल घट स्थापना के साथ शुभारंभ हुआ। ये मेला 15 दिन तक चलेगा।
वहीं लोकपर्व गणगौर कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर जयपुर में दो दिनों तक गणगौर की शाही सवारी निकाली जाएगी।
इस बीच कल शाम चांद नहीं दिखाई देने पर आज तीसवां रोज़ा है। ईद उल फितर का पर्व कल मनाया जाएगा। ईद की सामूहिक नमाज़ सुबह ईदगाह और अन्य मस्जिदों में अदा की जाएगी। बाजारों में ईद की खरीददारी परवान है।

...................

प्रदेश में आज कई स्थानों पर मौसम का मिज़ाज बदला हुआ है। सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़ और जयपुर में बादल छाये हुए हैं। वहीं भीलवाड़ा में सुबह बूंदाबांदी हुई। बीते 24 घंटों में बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, डूंगरपुर सहित कई स्थानों पर तेज गर्मी का असर रहा और पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।
मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले चार–पांच दिनों तक कई स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चलने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग में भी आज और कल कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। वहीं कोटा, जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग में अगले 48 घंटों में तेज हवाओं के साथ बरसात हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का असर सबसे ज्यादा 13 और 14 अप्रैल को रहेगा। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ चलने की आशंका है।

...................

देश विदेश में बाघों की नगरी के नाम से मशहूर रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान एक बार फिर पर्यटकों की आवक और राजस्व अर्जित करने में प्रदेश में सिरमौर रहा है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि सैलानियों की अच्छी तादाद से पर्यटन व्यवसासियों की आय में बढ़ोतरी हुई है।

...................

आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस की टीम के साथ होगा। ये मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। राजस्थान रॉयल्स की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले चार मैचों में जीत दर्ज कर चुकी है। इससे पहले कल चंडीगढ़ में खेले गये एक मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने किंग्स इलेवन पंजाब को दो रन से हराया।

...................